# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026


# ‘सबसे ज्यादा तकलीफ तब होती है जब…’ क्रिस्टियानो रोनाल्डो के जवाब ने जीता फैंस का दिल, दिग्गज खिलाड़ी ने दिखाई जीत की भूख

Sanket Morankar

Published on 03 Jul 2026




फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। इस मुकाबले के बाद टीम के कप्तान **क्रिस्टियानो रोनाल्डो** का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने बताया कि एक खिलाड़ी के तौर पर उन्हें सबसे ज्यादा तकलीफ किस बात से होती है।

मैच के बाद जब उनसे पूछा गया कि **गोल रद्द होने पर ज्यादा दुख होता है या फिर मैच के दौरान बदले (सब्स्टीट्यूट) जाने पर**, तो रोनाल्डो ने ऐसा जवाब दिया जिसने उनके जुनून और प्रतिस्पर्धी सोच को एक बार फिर दुनिया के सामने ला दिया।

“सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मैं शुरुआती एकादश में नहीं होता”

रोनाल्डो ने बिना किसी झिझक के कहा,

**“मुझे सबसे ज्यादा तकलीफ तब होती है जब मै टीम की शुरुआती एकादश (Starting XI) मे शामिल नहीं होता।”**

उनका यह जवाब दर्शाता है कि 41 वर्ष की उम्र के करीब पहुंचने के बावजूद उनके अंदर खेल के प्रति वही जुनून और टीम के लिए शुरुआत से मैदान पर उतरने की इच्छा आज भी बरकरार है।

मैच में क्या हुआ ?

क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में रोनाल्डो का एक गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पेनल्टी के जरिए गोल कर पुर्तगाल को बराबरी दिलाई।

हालांकि मैच के 81वें मिनट में मुख्य कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया। इसके बाद गोंकालो रामोस ने निर्णायक गोल दागकर पुर्तगाल को 2-1 से शानदार जीत दिलाई।

दिवंगत साथी डियोगो जोटा को दी भावुक श्रद्धांजलि

इस मुकाबले की जीत पुर्तगाल की टीम के लिए भावनात्मक रूप से भी बेहद खास रही। 3 जुलाई को टीम के पूर्व साथी **डियोगो जोटा** के निधन की पहली बरसी थी।

मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा कि पूरी टीम यह मुकाबला अपने दिवंगत साथी को समर्पित करना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि,

**"हम जोटा को सबसे बेहतरीन तरीके से श्रद्धांजलि देना चाहते थे। हम उनके लिए यह मैच जीतना चाहते थे और हमे विश्वास है कि वह आज भी हमारे साथ है।"**

मैदान पर भी दिखी भावुक तस्वीर

मैच समाप्त होने के बाद रोनाल्डो काफी भावुक नजर आए। उन्होंने मैदान पर डियोगो जोटा की **नंबर 21 जर्सी** हाथ में उठाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुर्तगाल के अन्य खिलाड़ियों ने भी इस दौरान अपने दिवंगत साथी को याद किया।

इस भावुक पल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसक रोनाल्डो और पुर्तगाल टीम की इस भावनात्मक श्रद्धांजलि की सराहना कर रहे हैं।

जीत के साथ बढ़ा पुर्तगाल का आत्मविश्वास

क्रोएशिया जैसी मजबूत टीम को हराने के बाद पुर्तगाल का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। टीम अब विश्व कप के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है। अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के शानदार संतुलन के साथ पुर्तगाल इस बार खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का यह बयान केवल एक खिलाड़ी की प्रतिक्रिया नहीं बल्कि उनके अटूट समर्पण और जीत की भूख का प्रतीक है। शुरुआती एकादश में खेलने की उनकी इच्छा यह दिखाती है कि उम्र चाहे जो भी हो, प्रतिस्पर्धा की भावना और टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ देने का जज्बा आज भी पहले जैसा है। वहीं डियोगो जोटा को दी गई भावुक श्रद्धांजलि ने इस जीत को पुर्तगाल के लिए और भी यादगार बना दिया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.